# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी
# गरियाबंद वनमण्डल, गरियाबंद (छ0ग0)

क्रमांक/ 1149 गरियाबंद दिनांक 06/11/2017

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक,
रायपुर वृत्त रायपुर

विषय :– Fc Act 1980 अंतर्गत वनभूमि व्यपवर्तन 132 के0व्ही0 नगरी–इंदागांव विद्युत पारेषण लाईन निर्माण प्रस्ताव 111.456 हे. के पंजीयन कोड क्रमांक FP/CG/TRANS/22047/2016

संदर्भ :– आवेदक संस्थान का पत्र क्रमांक 700 दिनांक 04/08/2016

---0---

विषयांकित प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के दिशा निर्देशो तथा नवीन चेक लिस्ट के अनुसार वनमण्डलाधिकारी से अनुशंसा उपरांत प्राप्त हुआ है। नोडल अधिकारी F.C. Act कार्यालय के परीक्षण उपरांत प्रस्ताव का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

1. आवेदकर्ता कार्यपालन अभियंता अति उच्च दाब निर्माण संभाग छ.ग. राज्य विद्युत पारेषण कंपनी गुढ़ियारी रायपुर द्वारा गरियाबंद जिले के गरियाबंद वनमण्डल में आरक्षित/संरक्षित/राजस्व–वन/खसरा क्रमांक की कुल 111.456 हे. की मांग परियोजना हेतु की गई है।
2. आवेदनकर्ता द्वारा प्रस्ताव में शासन आदेशानुसार पंजीयन एवं प्रोसेसिंग शुल्क हेतु रूपये 52000/– जमा कराये गये है।
3. Diversion हेतु प्रस्तावित वन क्षेत्र का घनत्व 0.1 से 0.8 तक है एवं इससे सागौन/साल/मिश्रित प्रजाति के वृक्ष खडे है एव वन की Site Quality II/III/IIIA/IIIB/IVA/IVB है।
4. व्यपवर्तन (Diversion) हेतु प्रस्तावित वन भूमि का वनमण्डलाधिकारी का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न है। निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार :–

   (i) प्रस्तावित गैर वानिकी कार्य (132 के0व्ही0 नगरी–इंदागांव विद्युत पारेषण लाईन निर्माण ) हेतु मांग की जा रही वन भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई भी गैर वनभूमि विकल्प के रूप में उपलब्ध नही है।

   (II) व्यपवर्तन (Diversion) हेतु प्रस्तावित वन भूमि की मांग न्यूनतम है।
5. प्रस्तावित परियोजना के क्रियान्वन हेतु संबंधित ग्राम पंचायतो के अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न है।

6. प्रकरण में प्रभावित वन भूमि के बदले में राजस्व गैर वनभूमि/निजी भूमि/दुगनी बिगड़े वनभूमि/दुगने नारंगी आवेदनकर्ता/जिलाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

7. वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु चयनित गैर वनभूमि/वनभूमि की वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त का वनमण्डलाधिकारी का प्रमाण पत्र एवं साथ ही इस गैर वनभूमि पर स्थल विशेष वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना रूपये 600222/—प्रति हे. की दर से तैयार कर संलग्न है।

8. **Diversion** हेतु प्रस्तावित वन क्षेत्र के आस—पास कोई ऐतहासिक महत्व का चिन्ह/मूर्ति न होने संबंधी वनमण्डलाधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न है।

9. परियोजना का **Cost Benefit Analysis** तैयार कर संलग्न प्रस्तुत है। परियोजना की **C-B/ Ratio 1:2.296** है।

10. प्रस्तावित गैर वानिकी परियोजना में आवेदनकर्ता द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के नियम 3 बी का उल्लंघन किया/नहीं किया है।

11. आवेदित क्षेत्र किसी **Ecological Sensitive** क्षेत्र (**Biosphere Reserve.** प्राकृतिक झील/वाटर बाड़ी, आदिवासी सैटलमेन्ट, धार्मिक स्थल) की सीमा के 5 वर्ग कि.मी. के अंतर्गत नहीं/है। वनमण्डलाधिकारी प्रमाण पत्र संलग्न है।

12. आवेदित वनभूमि उंदती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद किसी वन्य प्राणी अभ्यारण का भाग है एवं आवेदित वनभूमि की सीमा से 5वर्ग कि.मी. की परिधी में कोई संरक्षित वन क्षेत्र नहीं/है। वनमण्डलाधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न है।

13. आवेदक द्वारा शासन निर्देशानुसार 111.456 हे. वनभूमि की साईट क्वालिटी. III, V एवं घनत्व 0.1 से 0.8 तक होने के कारण रूपये 626000/— , 803000/— एवं 887000/— प्रति हे. की दर से प्रत्याशा मूल्य (NPV) जमा करने हेतु वचन पत्र दिया है।

14. Land Reclamation/ Catchment Area Treatment/ fire Protection/ Safety Zone/ Resettlement Plan अन्य मिश्रित रोपण योजना के कियान्वनय हेतु आवेदनकर्ता का वचन पत्र संलग्न है।

15. आवेदित गैर वानिकी परियोजना पर पर्यावरण स्वीकृति लागू नहीं होती है। आवेदनकर्ता द्वारा पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने हेतु की गई कार्यवाही संलग्न है।

अनुशंसित प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के मार्ग दर्शिका सिद्धांतों के अनुरूप सभी औपचारिकतायें पूर्ण कर प्रस्ताव भारत सरकार से प्रथम चरण स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव चार प्रति में संलग्न प्रेषित है।

संलग्न :— 1. डी.जी.पी.एस. सर्वे रिपोर्ट — मय सी.डी. (आवेदित क्षेत्र/क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण क्षेत्र)
2. परियोजना प्रतिवेदन 04 प्रतियों में।
3. अपलोड फार्म A एवं पार्ट I,II ।

वन संरक्षक
सह प्रभारी वनमण्डलाधिकारी
गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद

क्रमांक/

प्रतिलिपि – 1150

गरियाबंद, दिनांक 06/11/2017

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्र./व.सं.अ.–1980) छ0ग0 रायपुर की सूचनार्थ संप्रेषित।
2. कलेक्टर जिला गरियाबंद की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. आवेदनकर्ता कार्यपालन अभियंता अति उच्च दाब निर्माण संभाग छ.ग. राज्य विद्युत पारेषण कंपनी गुढ़ियारी रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वन संरक्षक
सह प्रभारी वनमण्डलाधिकारी
गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद